# हिमाचल प्रदेश आवास एवं शहरी विकास प्राधिकरण मण्डल शिमला–II के लेखाओं का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

## अंकेक्षण अवधि 04/2012 से 03/2013

## भाग–एक

**1 (क) प्रस्तावना :–**

निदेशक, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग (हिमाचल प्रदेश) को, आवास एवं शहरी विकास प्राधिकरण नियम–2004 की धारा 28(3) के अन्तर्गत विहीत प्रावधानों व हिमाचल प्रदेश सरकार की अधिसूचना संख्या एच0एस0जी0–4(डी)1–1/92/2 दिनांक 13.09.2004 के अनुसार, आवास एवं शहरी विकास प्राधिकरण के लेखाओं के अंकेक्षण एवं निरीक्षण हेतु अधिकृत किया गया है। तदानुसार आवास एवं शहरी विकास प्राधिकरण के शिमला निर्माण मण्डल–II जिला शिमला के लेखाओं अवधि 04/2012 से 03/2013 का अंकेक्षण एवं निरीक्षण का कार्य किया गया। अंकेक्षण अवधि के दौरान निम्न अधिशासी अभियन्ताओं द्वारा इस मण्डल के आहरण/संवितरण अधिकारी के पद का कार्य निष्पादित किया गया।

| क्र0सं0 | अधिशासी अभियन्ता/आहरण/संवितरण अधिकारी का नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्रीमती अंजौरी कूपर | 01.04.2012 से 19.01.2013 |
| 2 | श्री सुरिन्दर वशिष्ठ | 01.09.2013 से 31.3.2013 |

**(ख) हिमाचल प्रदेश आवास एवं शहरी विकास प्राधिकरण निर्माण मण्डल–II, के लेखाओं अवधि 04/2012 से 03/2013 के अंकेक्षण प्रतिवेदन में उल्लेखित गम्भीर अनियमितताओं का संक्षिप्त विवरण**

| क्रम संख्या | गम्भीर अनियमितता का संक्षिप्त विवरण | पैरा संख्या | राशि लाखों में |
|---|---|---|---|
| 1 | विविध अग्रिम राशियों का समायोजन न करना | 4 (ख) (1) | ₹14.08 |
| 2 | रख–रखाव प्रभार व जल प्रभार के रूप में मकान/प्लाट मालिकों से वसूली योग्य राशि शेष | 5 | ₹27.67 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3 | बेलदारों को वेतन के रूप में अधिक भुगतान | 8 | ₹6.18 |
| 4 | निक्षेप निर्माण कार्य (deposit works) के अन्तर्गत प्राप्त राशि से अधिक व्यय की वसूली न करना। | 10 | ₹52.93 |
| 5 | अनुबन्धित प्रमात्रा में अत्यधिक कार्य निष्पादन करने के फलस्वरूप अनियमित भुगतान | 12 (क) | ₹21.95 |
| 6 | कार्य स्थल पर लाये गये पत्थरों की प्रमात्रा पर नियमानुसार रॉयलिटी की वसूली न करना। | 12 (ख)<br>15 (ख)<br>19 (ग)<br>(20) (ख) | ₹2.52<br>₹3.79<br>₹4.91<br>₹0.89 |
| 7 | एल्युमिनियम का गलत कन्वर्सन फैक्टर लगाने के फलस्वस्रूप संविदाकार को सम्भावित अधिक भुगतान | 17 | ₹0.68 |
| 8 | संविदाकार को 10 सीसी बिल में अधिक भुगतान | 18 (क, ख) | ₹0.79 |
| 9 | दोहरी गणना किए जाने के फलस्वरूप संविदाकार को अधिक भुगतान | 19 (क) | ₹1.07 |
| 10 | अनुबन्ध की क्लाज–2 के अन्तर्गत कार्यवाही न करने पर परोक्ष रूप में हानि | 19 (घ) | ₹93.90 |

## (ग) गत अंकेक्षण प्रतिवेदन :–

गत अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन के शेष पैरों पर की गई कार्यवाही का अवलोकन करने के उपरान्त नवीनतम स्थिति इस अंकेक्षण प्रतिवेदन में संलग्न परिशिष्ट ''क'' में दर्शाई गई है। वर्ष 04/88 से 03/13 तक मण्डल से सम्बन्धित 128 पैरे शेष हैं जिनका वर्षवार विवरण निम्न प्रकार से है :–

| **क्रम संख्या** | **वर्ष** | **शेष पैरों की संख्या** | **टिप्पणी** |
|---|---|---|---|
| 1 | 4/96 से 3/97 | 1 | (हिमाचल प्रदेश आवास एवं शहरी विकास प्राधिकरण निर्माण मण्डल–II से सम्बन्धित पैरे) |
| 2 | 04/2003 से 03/2004 | 4 | |
| 3 | 4/2004 से 03/2005 | 3 | |
| 4 | 04/2005 से 03/2006 | 18 | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 5 | 04 / 2006 से 03 / 2007 | 14 | |
| 6 | 04 / 2007 से 03 / 2008 | 12 | |
| 7 | 4 / 2008 से 3 / 2009 | 13 | |
| 8 | 4 / 2009 से 3 / 2010 | 8 | |
| 9 | 04 / 2010 से 03 / 2011 | 6 | |
| 10 | 04 / 2011 से 03 / 2012 | 10 | |
| 11 | 4 / 88 से 03 / 89 | 2 | (नगर विकास प्राधिकरण से स्थानांतरित पैरें) |
| 12 | 04 / 89 से 03 / 90 | 1 | |
| 13 | 04 / 90 से 03 / 91 | 2 | |
| 14 | 04 / 91 से 03 / 92 | 1 | |
| 15 | 04 / 92 से 03 / 93 | 1 | |
| 16 | 04 / 93 से 03 / 94 | 2 | |
| 17 | 04 / 94 से 03 / 95 | 4 | |
| 18 | 04 / 95 से 03 / 95 | 11 | |
| 19 | 04 / 96 से 03 / 97 | 3 | |
| 20 | 04 / 97 से 03 / 98 | 6 | |
| 21 | 04 / 98 से 03 / 99 | 6 | |
| 22 | 04 / 99 से 15.1.01 | 6 | |
| | **कुल अनिर्णीत पैरे** | **128** | |

अतः अधिशासी अभियन्ता, आवास एवं शहरी विकास प्राधिकरण मण्डल–II, जिला शिमला, हिमाचल प्रदेश के उपरोक्त शेष आडिट पैरों में अपेक्षित कार्यवाही करने के उपरान्त इन पैरों का निस्तारण करवाना सुनिश्चित करें।

## भाग–दो

### 2 वर्तमान अंकेक्षण :–

हिमाचल प्रदेश आवास एवं शहरी विकास प्राधिकरण निर्माण मण्डल–II, के लेखाओं अवधि 01.04.2012 से 31.03.2013 तक की वर्तमान लेखा परीक्षा श्री अनिल मेहरा व श्री मंजीत, अनुभाग अधिकारी (ले0प0) द्वारा दिनांक 02.12.2013 से 20.01.2014 तक श्री बसन्त सिंह कंवर, उप निदेशक, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग (हिमाचल प्रदेश), शिमला–09 के

पर्यवेक्षण में शिमला में किया गया। मास 03/2013 के लेखों का चयन विस्तृत जाँच के लिए किया गया, जिसके परिणामों को निम्न अंकेक्षण आपत्तियों में समाविष्ट किया गया है। अंकेक्षण प्रतिवेदन में निम्न अंकेक्षण आपत्तियों में दर्शाए गए अभिलेख के अतिरिक्त समस्त अभिलेख उपलब्ध करवाए गए।

इस अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण, अधिशासी अभियन्ता, आवास एवं शहरी विकास प्राधिकरण निर्माण मण्डल–II, जिला शिमला, हिमाचल प्रदेश द्वारा प्रेषित सूचनाओं के आधार पर किया गया है, किसी प्रकार की गलत, अधूरी व छुपाई गई सूचना के लिए स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग (हिमाचल प्रदेश) शिमला–09 का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा। लेखाओं का अंकेक्षण एवं निरीक्षण का उत्तरदायित्व केवल चयनित मास तक ही सीमित है।

## 3 अंकेक्षण शुल्क :–

हिमाचल प्रदेश आवास एवं शहरी विकास प्राधिकरण के निर्माण मण्डल–II, जिला शिमला के लेखाओं अवधि 04/2012 से 03/2013 का अंकेक्षण करने के शुल्क की राशि जमा करवाने हेतु सचिव एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी हिमाचल प्रदेश आवास एवं शहरी विकास प्राधिकरण शिमला–2, को अलग से अनुरोध किया जाएगा।

## 4 स्टॉफ एवं विविध अन्य अग्रिमः–

### (क) स्टॉफ अग्रिम ₹20865/– का समायोजन न करनाः–

स्टॉफ अग्रिम लेखा की जाँच करने पर पाया गया कि दिनांक 31.03.2013 को ₹20865/– समायोजन हेतु शेष थी जिसका विवरण निम्न दिया गया है। कर्मचारियों द्वारा स्टॉफ अग्रिम राशि का लम्बे समय से समायोजन नहीं करवाया गया हैः–

| क्र0 सं0 | कर्मचारी का नाम/पदनाम | दिनांक 31.03.2013 तक शेष राशि | टिप्पणी |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री सुरिन्दर सिंह, चालक | 14975 | माह 04/2010 से भी पूर्व से |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | समायोजन हेतु लम्बित |
| 2 | श्री सुनील कुमार, चालक | 5000 | –यथोपरि– |
| 3 | श्री राजेश ठाकुर, कनिष्ठ अभियन्ता | 196 | –यथोपरि– |
| 4 | श्री रजिन्दर पाल सिंह, चालक | 694 | माह 05/2010 से समायोजन हेतु लम्बित |
| | **कुल योग** | **20865** | |

अतः उक्त अग्रिम के समायोजन हेतु शीध्र आवश्यक कार्यवाही की जाए। अनुपालना से इस विभाग को शीध्र सूचित किया जाए।

**(ख) (1) विविध अग्रिम ₹1408237/– का समायोजन न करनाः–**

दिनांक 31.03.2013 को विभिन्न विभागों/फर्मों/संविदाकारों व कर्मचारियों से ₹1408237/– की राशि विविध अग्रिम के रूप में वसूली हेतु शेष थी। इस राशि का पूर्ण विवरण परिशिष्ट "ख" पर संलग्न है। जाँच करने पर पाया गया कि विविध अग्रिम की अधिकतर राशियाँ अनेक वर्षों से निपटारे हेतु लम्बित पड़ी हुई है। अतः इस सम्बन्ध मे ंअग्रिम के समायोजन/वसूली हेतु शीध्र आवश्यक कार्यवाही की जाए। अनुपालना से इस विभाग को शीध्र सूचित किया जाए।

**(2) विविध अग्रिम ₹7821/– अनेक वर्षों से समायोजन के लिए लम्बितः–**

विविध अग्रिम विवरण की जाँच करने पर पाया गया कि ₹7821/– श्री सुरिन्दर सिंह, चालक से पिछले कई वर्षों से समायोजन के लिए लम्बित है। इस अग्रिम के समायोजन के सम्बन्ध में अंकेक्षण द्वारा सूचना माँगी गई थी लेकिन अंकेक्षण समाप्ति तक इस सम्बन्ध में कोई भी सूचना निर्माण मण्डल–II द्वारा प्रदान नहीं की गई। इस सम्बन्ध में पूर्व अंकेक्षण प्रतिवेदनों में भी आपत्ति दर्ज की गई थी लेकिन आज तक इस राशि के समायोजन के लिए कोई ठोस कार्यवाही अमल में नहीं लाई गई। इस राशि का समायोजित न होना एक गम्भीर अनियमितता है। अतः राशि के समायोजन हेतु निम्नानुसार आगामी आवश्यक कार्यवाही की जाए व अनुपालना से इस विभाग को शीध्र सूचित किया जाए।

## 5 (क) ₹2766683/– रख रखाव प्रभार व जल प्रभार के रूप में मकान/प्लाट मालिकों से वसूली न करनाः–

हिमुडा निर्माण मण्डल–II के अन्तर्गत विभिन्न आवास बस्तियों के मकान/प्लाट मालिकों से दिनांक 31.03.2013 तक रख रखाव प्रभार व जल प्रभार के रूप में ₹2766683/– वसूली योग्य शेष थे जिसका विस्तृत विवरण निम्न दिया गया है इस राशि की वसूली हेतु शीध्र उचित एवं प्रभावशाली कदम उठाए जाने सुनिश्चित किए जायें।

| क्र0सं0 | आवासीय बस्ती का नाम | रख रखाव प्रभार की दिनांक 31.03.2013 तक शेष राशि | जल प्रभार की दिनांक 31.03.2013 तक शेष राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | HSC Shighi | 657127 | 357963 |
| 2 | HSC BCS Phase-II New Shimla | 592465 | 451357 |
| 3 | HSC Basal | 536889 | 10860 |
| 4 | HSC Kandaghat | 160022 | –– |
| | **कुल योग** | **1946503** | **820180** |

## (ख) ₹2168833/– का जल प्रभार एवं रख रखाव प्रभार वसूली हेतु शेष राशि को लेखों में परिलक्षित न करनाः–

हिमुडा मण्डल–II की खाता बहियों/तलपट का अवलोकन करने पर पाया गया कि दिनांक 31.3.2013 को विभिन्न कलोनियों से जल प्रभार एवं रख–रखाव प्रभार के रूप में प्राप्त योग्य शेष राशि तथा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गयी सूचियों में दर्शाई गई शेष राशि में अत्यधिक अन्तर पाया गया जिसका विवरण निम्न प्रकार से है। अभिलेख की विस्तृत जाँच करने पर पाया गया कि वास्तव में प्राप्त योग्य शेष राशि के स्थान पर आधारहीन/काल्पनिक शेष राशि का मण्डल की खाता बहियों/तलपट में लेखांकन किया गया था जिससे मण्डल स्तर पर तैयार लेखों को सही नहीं माना जा सकता। परिणामस्वरूप मण्डल की खाता बहियों एवं तलपट में दर्शाई गई प्राप्त योग्य राशि का अंकेक्षण मे सत्यापन नहीं किया जा सका।

| Sr. No. | Name of Colony | Nature of receipt | Receivable Balance as per Ledger & Trial Balance as on 31-3-2013 | Actual balance as per list supplied to audit | Diff. | Annexure |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | HSC Shighi | Maintenance Charges | 222056 | 657127 | 435071 | |
| 2 | HSC BCS Phase-II New Shimla | -do- | 108931 | 592465 | 483534 | |
| 3 | HSC Basal | -do- | 195332 | 536889 | 341557 | |
| 4 | HSC Kandaghat | -do- | Nil | 160022 | 160022 | |
| 5 | HSC Shoghi | Water Charges | 71531 | 357963 | 286432 | |
| 6 | HSC Saproon | -do- | Nil | 1852 | 1852 | |
| 7 | HSC Basal | -do- | Nil | 9008 | 9008 | |
| 8 | HSC BCS Phase-II New Shimla | -do- | Nil | 451357 | 451357 | |
| | | **Total** | **597850** | **2766683** | **2168833** | |

उपरोक्त विवरण से स्वतः स्पष्ट है कि मण्डल स्तर पर लेखों का रख–रखाव सही प्रकार से नहीं किया जा रहा है। ₹2168833/– की उक्त शेष राशि को लेखों में न दर्शाकर हिमुडा की वास्तविक वित्तीय स्थिति परिलक्षित नहीं करती जोकि अपने आप में एक गम्भीर अनियमितता है तथा वित्तीय लेखांकन की पद्धति के विरूद्ध भी है। अतः पूर्ण प्रकरण हिमुडा उच्चाधिकारियों के विशेष ध्यानार्थ इस आशय के साथ लाया जाता है कि इस प्रकार की त्रुटियों का समायोजन लेखों में अतिशीध्र करवाया जाये। भविष्य हेतु सुझाव दिया जाता है कि मण्डल स्तर पर लेखों का रख रखाव ठोस आधार पर सही प्रकार से किया जाना सुनिश्चित करें। कृत कार्यवाही से अंकेक्षण को भी अवगत करवाया जाये।

## 6 ₹49144/– जलपूर्ति पर व्यय की गई राशि को आंबटियों से वसूल न करनाः–

अंकेक्षण के दौरान अभिलेख का अवलोकन करने पर पाया गया कि वर्ष 2011–12 व 2012–13 में आवासीय कॉलौनी कंडाघाट में आंबटियों को जल आपूर्ति हेतु सिंचाई एवं जन–स्वास्थ्य विभाग से जलापूर्ति ली गई जिस हेतु क्रमशः ₹24206 व ₹24938 कुल ₹49144/– का भुगतान किया गया इस व्यय को "A/R & M/O to WSS housing colony Kandaghat" लेखा शीर्षक के अन्तर्गत दर्शाया गया है परन्तु उक्त कालौनी में विभिन्न आंबटियों से जल प्रभार के रूप में कोई भी राशि प्राप्त नहीं की गई थी ऐसा प्रतीत होता है कि आंबटियों को जल प्रभार के बिल जारी नहीं किये जा रहे है जिससे हिमुडा को मूल व ब्याज राशि की सीधी हानि हो रही है जोकि अनियमित ही नहीं बल्कि गम्भीर आपत्तिजनक भी है। अतः जल प्रभार की राशि की आंबटियों से वसूली न करने बारे तथ्यों सहित स्थिति स्पष्ट की जाये तथा इसकी गत वर्षों सहित वसूली सुनिश्चित करके अनुपालना आगामी अंकेक्षण के दौरान दिखाई जाये। साथ ही यह गम्भीर मामला हिमुडा, उच्चाधिकारियों के ध्यानार्थ चूककर्ता के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही हेतु भी लाया जाता है ताकि भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृति न हो।

## 7 रोकड़ प्राप्तियों को विलम्ब से मण्डल खाते में जमा करवानाः–

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि हिमुडा मण्डल–II के उप–मण्डलों कुसुम्पटी व सोलन द्वारा रसीदों से प्राप्त विभिन्न प्रकार की आय को बहुत विलम्ब के बाद मण्डल–II में जमा करवाया गया है जो कि वित्तीय नियमों के विरूद्ध होने के साथ–साथ राशि का अस्थाई दुर्विनियोजन भी है। इस प्रकार के कुछ उदाहरण परिशिष्ट "ग" पर दिये गये है। अतः रसीदों से प्राप्त राशि को विलम्ब से मण्डल–II में जमा करने का औचित्य स्पष्ट किया जाये तथा भविष्य में रसीदों से प्राप्त राशियों को उसी दिन अथवा अगले कार्य दिवस को जमा किया जाना सुनिश्चित किया जाये। इसके अतिरिक्त प्राप्त राशियों को अंकों के साथ–साथ शब्दों में भी लिखा जाना सुनिश्चित किया जाये ताकि किसी प्रकार की अनियमितता से बचा जा सके। कृत कार्यवाही से अंकेक्षण को भी अवगत करवाया जाये।

## 8 ₹618189/– का बेलदारों को अधिक भुगतानः–

माह 03/2013 के वेतन बिलों के अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि श्री राजेश कुमार बेलदार व कु0 शांन्ति देवी बेलदार को क्लर्क/लिपिक के पद का वेतनमान माननीय उच्च न्यायालय के निर्देश दिनांक 17.6.2011 अनुसार केस संख्या COPC No. 321 of 2010 जो राजेश कुमार एंड अदर्स बनाम श्री एस0सी0सूद सीइओ कम सेक्रेटरी, HIMUDA की अनुपालना में दिया जा रहा था।

इसके अतिरिक्त दो अन्य कर्मचारियों श्री नरेश कुमार गुप्ता, बेलदार व श्रीमती सिम्मी वर्मा, बेलदार को भी क्लर्क/लिपिक के पद का वेतनमान दिया जा रहा था जिस सम्बन्ध में किसी न्यायालय अथवा सक्षम अधिकारिणी के आदेश अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किए गए। इस सन्दर्भ में अंकेक्षण अधियाचना संख्या 20/HIMUDA-2013-14 दिनांक 02.01.2014 मे ंआदेशों की प्रतिलिपि अंकेक्षण में उपलब्ध करवाने हेतु कहा गया था परन्तु मण्डल स्त्तर पर कोई कार्यवाही नहीं की गई। उपरोक्त चारों कर्मचारियों को उच्चत्तर पद वस्तुतः लिपिक के पद पर कार्य करने के आदेश से सम्बन्ध में कोई भी अभिलेख अंकेक्षण में उपलब्ध नहीं करवाया गया तथा चर्चा में बताया गया कि इस प्रकार के आदेशों का कोई भी अभिलेख मण्डल में उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे मामलों में हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा पत्र संख्या फिन (सी) बी (150–2/2009 दिनांक 30.9.2010 जो प्रधान सचिव (वित्त) द्वारा जारी निर्देशों में यह स्पष्ट किया गया है कि "In Some Deptt./Govt. bodies, certain daily waged workers have been/are being assigned with the duties of higher posts. In some cases, the court has taken cognizance of such practices and has ordered higher pay scales and also directed the deptt. To conseder such persons as eligible for appointment to higher posts even though these persons have not been appointed as per the due procedure. The Govt. has taken a serious view of such practices and it has been decided that in cases of any advance court order which result in higher financial liability on the state exchequer, in such cases, the same may be recovered from the erring officer."

हिमुडा अधिकारियों द्वारा उपरोक्त कर्मचारी बेलदारों से उच्चत्तर पद अर्थात लिपिक के पद की सेवा बिना किसी सक्षम अधिकारियों की स्वीकृति से ली गई प्रतीत होती है। अतः सरकार के उपरोक्त पत्र अनुसार ऐसे अधिकारी स्वयं जिम्मेवार है। उपरोक्त कर्मचारियों को

उच्चत्तर पद का कार्य देने के एवज में दिनांक 31.03.2013 तक ₹618189/– का अधिक भुगतान किया जा चुका है जिसका विवरण परिशिष्ट "घ" में विस्तार से दिया गया है जिसकी वसूली दोषी अधिकारियों जिन द्वारा उच्चत्तर पद का काम लिया/सौंपा गया से की जानी अपेक्षित है। अतः मामला सचिव (आवास) एवं उच्चाधिकारियों के विशेष ध्यानार्थ आगामी आवश्यक कार्यवाही हेतु लाया जाता है।

**9 स्टेशनरी (लेखन सामग्री) स्टॉक रजिस्टर का रख–रखाव नियमानुसार न करनाः–**

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि लेखन सामग्री स्टॉक रजिस्टर का रख–रखाव नियमानुसार एवं लेखा नियमों की प्रक्रिया अनुसार नहीं किया गया था। लेखन सामग्री की क्रय की गई मदों को एक अलग साधारण रजिस्टर में दर्ज किया जा रहा था व प्राप्त की गई लेखन सामग्री का आगामी उपयोग नहीं दर्शाया गया था जो अपने आप में एक गम्भीर अनियमितता है। अतः ये सुझाव दिया जाता है कि लेखन सामग्री की मदों का नियमानुसार स्टॉक रजिस्टर तैयार किया जाये तथा प्राप्त व जारी मदों की प्रविष्टियों का तिथिवार विवरण दर्ज करके अनुपालना आगामी अंकेक्षण को दिखाई जाये।

**10 निक्षेप निर्माण कार्य (deposit works) के अन्तर्गत दिनांक 31.03.13 को प्राप्त राशि से अधिक व्यय की गई ₹5292548/– की वसूली न करनाः–**

अंकेक्षण के दौरान विभिन्न निक्षेप निर्माण कार्य (deposit works) हेतु प्राप्त राशि की पड़ताल करने पर पाया गया कि निम्न निर्माण कार्य हेतु प्राप्त राशि से अधिक राशि व्यय की गई थी जबकि सीपीडबल्यूडी कोड के पैरा 118 के अनुसार समस्त राशि दात्यिव सृजन से पूर्व प्राप्त की जानी अपेक्षित थी। प्राप्ति से अधिक व्यय की ₹5292548/– की वसूली न करना एक अत्यन्त गम्भीर अनियमितता है। अतः इस व्यय का औचित्य स्पष्ट किया जाए एवं निर्माण कार्यों पर अधिक व्यय की गई राशियों की वसूली हेतु शीध्र आवश्यक कदम उठाएं जाएँ व अनुपालना से इस विभगा को अवगत करवाया जाए।

| क्र0सं0 | विभाग/संस्था का नाम जिसका निक्षेप निर्माण कार्य (**deposit works**) किया गया | निर्माण कार्य पर व्यय की गई राशि | राशि जो सम्बन्धित संस्था/विभाग से प्राप्त की गई | अधिक व्यय (₹) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम, शिमला | 13394989 | 12178380 | 1216609 |
| 2 | युवा एवम खेल विभाग | 9040569 | 7073778 | 1966791 |
| 3 | उप–कोषगार, सोलन | 34520448 | 33729220 | 791228 |
| 4 | एस0सी0एस0टी0 हॉस्टल कार्य | 43700550 | 42382930 | 1317920 |
| | **कुल योग** | | | **₹5292548** |

## 11 संविदाकारों द्वारा वापिस की गई स्टोर सामग्री का त्रुटिपूर्ण क्रेडिट देकर ₹4687/– की हानिः–

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि निम्न संविदाकारों को समय–2 पर अनुबन्ध अनुसार स्टोर से निर्माण सामग्री जारी की गई थी। जारी की गई सामग्री के लिए संविदाकार का खाता नियमानुसार डेबिट किया गया था तथा इस जारी की गई सामग्री में से कुछ सामग्री संविदाकारों द्वारा वापिस स्टोर में जीआर द्वारा जमा करवाई गई थी जिसके लिए उन्हें नियमानुसार व अनुबन्ध की धारा 42 (1) के अन्तर्गत खाते में क्रेडिट दिया जाना अपेक्षित था परन्तु अनुबन्ध की धारा 42 (1) की अवहेलना करते हुये संविदाकारों के खाते में जारी रेट+3**%** स्टोरेज प्रभार सहित क्रेडिट दिया गया था जबकि अनुबन्ध की धारा 42 (1) में यह स्पष्ट किया गया है कि "Material remaining unused and in perfect good condition at the time of completion. Credit for such material will be given at providing market rate not exceeding the amount charged from him excluding storage charges levied at the time of issue of material" इस प्रकार जारी रेट पर 3**%** का अधिक क्रेडिट देकर संविदाकार को अनावश्यक लाभ पहुंचाया गया थाः–

| संविदाकार का नाम | Contractor ledger page/ संख्या | जीआर संख्या जिससे सामग्री वापिस की गई | सामग्री का विवरण | दर +3% स्टोरेज प्रभार (क्रेडिट जो वास्तव में दिया गया) | क्रेडिट जो दिया जाना अपेक्षित था | अधिक क्रेडिट जो दिया गया |
|---|---|---|---|---|---|---|
| श्री अरूण ठाकुर | 124/1 | 1006 दिनांक 11.5.12 | स्टील 2.703 मीट्रिक टन | @41295/- +3%=i.e. 114969 | @41295/- i.e. 111620 | 3349 |
| | 132/1 | 037 दिनांक 27.11.12 | स्टील 0.999 मीट्रिक टन | @44633/- +3%=i.e. 45926 | @44633/- i.e. 44588 | 1338 |
| | | | | | **कुल योग** | **₹4687** |

उपरोक्त विवरण अनुसार संविदाकारों को ₹4687/– का अनुचित/लाभ पहुँचाया गया प्रतीत होता है। इस सन्दर्भ में स्थिति स्पष्ट की जाए अन्यथा उचित स्त्रोत से वसूली की जानी सुनिश्चित की जाए तथा इस प्रकार के अन्य मामलों में मण्डल स्तर पर उचित कार्यवाही की जानी सुनिश्चित की जाए व अनुपालना से आगामी अंकेक्षण में अवगत करवाया जाए।

**12** कार्य का नामः– कन्स्ट्रक्शन आफॅ डाटा सेन्टर बिल्डिंग (आई0टी0) मैहली।

संविदाकार का नामः– मै0 ए0 जी0 कन्स्ट्रक्शन।

चलत बिल संख्याः–20

अनुबन्ध संख्याः–10 आफॅ 2009–10

**वाउचर संख्या 170, दिनांक 30.3.2013, ₹1125277/–**

**(क) अनुबन्धित मद संख्याः 23 का अनुबन्ध प्रमात्रा से अत्यधिक कार्य निष्पादन करने के फलस्वरूप ₹2195227/– का अनियमित भुगतानः–**

मापन पुस्तिका 865 के पृष्ठ संख्याः 64 व 65 पर अनुबन्धित मद संख्या 23 वस्तुतः आर0आर0 मैसनरी विद हार्ड स्टोन इन फौंउडेशन एन्ड पलिन्थ की कार्य प्रमात्रा 1316.85 घन मीटर हेतु ₹2238645/– का भुगतान किया गया था जबकि अनुबन्ध के अनुसार उक्त मद हेतु केवल 25.54 घन मीटर कार्य मात्रा निष्पादित की जानी अपेक्षित थी। इस प्रकार उक्त मद की 1291.31 घन मीटर मात्रा अधिक निष्पादित की गई जोकि अनुबन्धित कार्य मात्रा से 5056 प्रतिशत अधिक थी। परिणामस्वरूप इस मद पर ₹2195227/– (1291.31X1700) का अधिक व्यय किया गया जोकि अनुबन्ध का सीधा उल्लंघन है। इसके अतिरिक्त उक्त मद की अधिक प्रमात्रा के निष्पादन हेतु कोई भी अनुमति/स्वीकृति सक्षम प्राधिकारिणी से प्राप्त नहीं की गई थी हालांकि चर्चा के दौरान बताया गया कि कार्य स्थल पर उक्त मात्रा का निष्पादन किया गया अति आवश्यक था। अतः व्यय को सक्षम अधिकारी की स्वीकृति प्राप्त कर नियमित करवाया जाना सुनिश्चित किया जाये।

**(ख) कार्य स्थल पर लाये गये पत्थरों की प्रमात्रा पर नियमानुसार ₹252476/– की रॉयलिटी की वसूली न करनाः–**

प्रधान सचिव, उद्योग के पत्र संख्या खण्ड–II (एफ) 6–5/2006, दिनांक 16. 1.2012 के अनुसार विभिन्न निर्माण सामग्री जैसे स्टोन, पत्थर, रेट, बजरी, चूना पत्थर, संगमरमर आदि के खनन पर निर्धारित दरों अनुसार रॉयलिटी देय है। बीसवें चलत बिल में मापन पुस्तिका संख्या 865 पृष्ठ–64 व 65 पर स्टोन वर्क के निष्पादन हेतु अनुबन्धित मद संख्या 22, 23 व 24 के लिए कमशः 235, 15 घन मीटर, 1316.85 घन मीटर व 540.58 घन मीटर कार्य मात्रा का निष्पादन किया गया है जिसके लिये संविदाकार द्वारा निम्नविवरणानुसार 2720.75 घन मी0 पत्थरों का उपयोग किया गया है। उपयोग की गई पत्थरों की प्रमात्रा के लिये उक्त पत्रानुसार या तो फॉर्म एम0 प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित था या मण्डल स्तर पर नियमानुसार रॉयलिटी की कटौती की जानी अपेक्षित थी। परन्तु अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत किये गये अभिलेख में इस प्रकार की कोई भी कार्यवाही नहीं की गई थी जिसके फलस्वरूप

₹252476/– की रॉयलिटी के रूप में कटौती न करके सरकार को परोक्ष रूप से हानि पहुंचाई गई प्रतीत होती है।

| क्र0सं0 | अनुबन्धित मद सं0 | मद का विवरण | पत्थर की निष्पादित कार्य मात्रा | उपयोग की गई पत्थर की मात्रा | टनों में मात्रा | रॉयलिटी प्रति टन | राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 22 | RR Masonry cm 1:6 in retaining wall/breast wall i/c all leads & lifts | 235.15 cum | 322.15 cum (35.15x1.37) | 747.40 (322.15x2.32) | 40 | 29896 |
| 2 | 23 | RR Masonry cm 1:6 in foundation and plinth i/c all leads & lifts | 1316.85 cum | 1804 cum (1316.85x1.37) | 4185 (1804x2.32) | 40 | 167400 |
| 3 | 24 | Stone filling behind retaining wall | 540.58 | 594.60 cum (540.58x1.10) | 1379.50 (594.60x2.32) | 40 | 55180 |
| | | **Total** | **2092.58** | **2720.74** | **6311.90** | | **252476** |

अतः उक्त वर्णित रॉयलिटी की राशि की उचित स्त्रोत/संविदाकार से वसूली की जाये अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए। यहाँ यह भी कहना उचित एवं तर्कसंगत होगा कि या तो संविदाकार द्वारा निर्माण स्थल से निकाले पत्थरों का प्रयोग किया गया या फिर स्त्रोत/खान के पत्थरों का प्रयोग किया होगा। वस्तुतः यदि निर्माण स्थल से निकले पत्थरों का प्रयोग किया होगा तो नियमानुसार निम्न सब पैरा (ग) अनुसार वसूली की जानी अपेक्षित थी यदि बाहर के स्त्रोत/खान के पत्थरों का प्रयोग किया होगा तो उपरोक्त विवरण अनुसार रॉयल्टी मण्डल स्तर पर नियमानुसार काटी जानी अपेक्षित थी।

**(ग) कटिंग इन अर्थ वर्क में निकाले गये पत्थरों की संविदाकार से ₹340235/– की वसूली न करनाः–**

मापन पुस्तिका संख्या 865 के पृष्ठ संख्या 55 में अनुबन्धित मद संख्या 1 वस्तुतः कटिंग इन अर्थ वर्क के लिये 9761.02 घन मीटर के कार्य निष्पादन हेतु ₹849208.74 का भुगतान किया गया था परन्तु इतनी अधिक खुदाई किये जाने के उपरान्त कार्य स्थल से किसी भी प्रकार की पत्थरों की मात्रा अभिलेख में नहीं दिखाई गई है। निकले गये पत्थरों को न तो संविदाकारों को जारी किया गया है और न ही सम्बन्धित अभियन्ता द्वारा इसे एम0ए0एस0 में लिया गया था। जबकि प्रचलित नियमों/प्रावधानों के अनुसार उक्त खुदाई से न्यूनतम दस प्रतिशत पत्थरों की मात्रा के रूप में दर्शाई जानी अपेक्षित थी। इस प्रकार "हिमाचल प्रदेश शडयूल दर, 2009" के अनुसार Ordinary Quarried Stone की दर ₹350 प्रति घन मीटर हैं। परिणामस्वरूप 972.10 घन मीटर पत्थर को स्टॉक में न लेकर/संविदाकार को जारी न कर न्यूनतम ₹340235/– (972.10x350) की हिमुडा को हानि पहुंचाई गई है जिस सम्बन्ध में वस्तुस्थिति स्पष्ट की जाये व हानि की भरपाई हेतु यथोचित कार्यवाही की जाये। कृत कार्यवाही से अंकेक्षण को भी अवगत करवाया जाये।

**(घ) अनुबन्ध की मद संख्या 71 में ₹1770.55 का अनुचित एवं अनियमित भुगतानः–**

उपरोक्त मद का मापन पुस्तिका संख्या 865 के पृष्ठ 78 अनुसार ₹1770.55 का भुगतान Providing chases 75mmx50mm for conduit GI pipes and filling the same with CC 1:3:6 after the conduit/GI pipe is laid के लिये किया गया था जबकि CPWD Specifications, 2009 के खण्ड–1 के चैप्टर 6 में ब्रिक वर्क के नियम 6.2.8.3 के नीचे दिए गये नोट (बी) एवं (एफ) के अनुसार क्रमशः 0.10 घन मीटर के क्षेत्रफल की ओपनिंग व chases of section not exceesding 50cm in girth के लिये अलग से भुगतान करने का कोई प्रावधन नहीं है। अतः उपरोक्त नियम की अनदेखी करके ₹1770.55 का अधिक भुगतान किया गया प्रतीत होता है जिसको न्यायोचित ठहराया जाये या इसकी वसूली उचित स्त्रोत से करके अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाये।

**(ङ) विभिन्न कार्य मदों का अनुबन्ध से अत्यधिक निष्पादन करने पर ₹5488534/– का अनियमित भुगतानः–**

निम्न वर्णित विभिन्न अनुबन्धित कार्य मदों की मात्रा के विपरीत अधिक कार्य मात्रा के निष्पादन के परिणामस्वरूप संविदाकार को ₹5488534/– का अनियमित प्रकार से अधिक भुगतान किया गया। इसके अतिरिक्त उक्त मद की अधिक प्रमात्रा के निष्पादन हेतु सक्षम प्राधिकारी से कोई भी स्वीकृति प्राप्त नहीं की गई थी। पाई गई अनियमितता को तथ्यों सहित न्यायोचित ठहराया जाये अन्यथा इसकी वसूली उचित स्त्रोत से करके अनुपालना आगामी अंकेक्षण में दिखाई जायेः–

| Sr. No. | Agreement Item No. | Description of item | Qty. as per agreement | Qty executed up to 20th R/bill | Rate | Excess execution | Excess percent age of execution |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 (e) | From work edges of slabs | 74.96 Rmt. | 992.39 Rmt. | 35 P/Rmt | 917.43 Rmt i.e. 32110 | 1224% |
| 2 | 13 (a) | P/L CC strength of M-20 in Foundation & Footing | 564.45 cum | 1360.50 cum | 3140 P/cum | 796.05 cum i.e. 2499597 | 141% |
| 3 | 13 (d) | P/L CC Strength of M-20 in walls any thickness | 415.90 cum | 1289.43 cum | 3230 P/cum | 873.53 cum ie. 2821501 | 210% |
| 4 | 33 | P/L Spartic ceramic tile | 135,19 sqm | 325.79 sqm | 710 P/Sqm | 190.60 i.e. 135326 | 141% |
| | | | | **कुल योग** | | **5488521** | |

**13** कार्य का नामः– C/O Gevernment Senior Secondary School Building at Ghanagughat, The. Arki, Distt. Solan

संविदाकार का नामः– Sh. Chetan Sharma

चलित बिल संख्याः– 2nd Running Bill

अनुबन्ध संख्याः– 5 आर्फ 2012–13

वाउचर संख्या 174, दिनांक 30.3.2013, ₹1188042/–

**(क) कटिंग इन अर्थ वर्क में निकाले गये पत्थरों की संविदाकार से ₹41044/– की वसूली न करनाः–**

मापन पुस्तिका संख्या 858 के पृष्ठ संख्या 9 में अनुबन्धित मद संख्या 1 वस्तुतः कटिंग इन अर्थ वर्क के लिये 982.78 घन मीटर कार्य निष्पादन हेतु ₹147417/– का भुगतान किया गया था परन्तु खुदाई किये जाने के उपरान्त कार्य स्थल से किसी भी प्रकार की पत्थरों की मात्रा अभिलेख में नहीं दिखाई गई है। निकले गये पत्थरों को न तो संविदाकार को जारी किया गया था और न ही सम्बन्धित अभियन्ता द्वारा इसे एम0ए0एस0 में लिया गया था जबकि प्रचलित नियमों/प्रावधानों के अनुसार उक्त खुदाई से न्यूनतम दस प्रतिशत पत्थरों की मात्रा के रूप में दर्शाई जानी अपेक्षित थी। इस प्रकार "हिमाचल प्रदेश शडयूल दर, 2009" के अनुसार Ordinary Quarried Stone की दर ₹350+₹67.62 (Overall premium 19.32%) =₹417.62 प्रति घन मीटर है। परिणामस्वरूप 98.28 घन मीटर पत्थर को स्टॉक में न लेकर, व न ही संविदाकार को जारी करके न्यूनतम ₹41044/– (98.28x417.62) की हिमुडा को हानि पहुंचाई गई है जिसे न्यायोचित ठहराया जाए अन्यथा हानि की भरपाई हेतु यथोचित कार्यवाही की जाये। कृत कार्यवाही से अंकेक्षण को भी अवगत करवाया जाये।

**(ख) कार्य स्थल पर लाये गये पत्थरों की प्रमात्रा पर नियमानुसार ₹2838/– की रॉयलिटी की वसूली न करनाः–**

प्रधान सचिव, उद्योग के पत्र संख्या खण्ड–II (एफ0)6–5/2006, दिनांक 16.1.2012 के अनुसार विभिन्न निर्माण सामग्री जैसे स्टोन, पत्थर, रेट, बजरी, सूचना पत्थर, संगमरमर आदि के खनन पर निर्धारित दरों अनुसार रॉयलिटी देय है। दूसरे चलत बिल में मापन पुस्तिका संख्या 858 पृष्ठ 18 पर अनुबन्धित मद संख्या 15 स्टोन फिलिंग कार्य की 27.80 घन मीटर मात्रा का निष्पादन किया गया है। जिसके लिये संविदाकार द्वारा निम्न विवरणानुसार 30.58 घन मीटर पत्थरों का उपयोग किया गया है। उपयोग की गई पत्थरों की प्रमात्रा के लिये उक्त पत्रानुसार या तो फार्म एम0 प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित था या मण्डल स्तर पर

नियमानुसार रॉयलिटी की कटौती की जानी अपेक्षित थी। परन्तु अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत किये गये अभिलेख में इस प्रकार की कोई भी कार्यवाही नहीं की गई थी जिसके फलस्वरूप ₹2838/– की रॉयलिटी के रूप में कटौती न करके सरकार को परोक्ष रूप से हानि पहुंचाई गई है।

| क्र0सं0 | अनुबन्धित मद सं0 | मद का विवरण | पत्थर की निष्पादित कार्य मात्रा | उपयोग की गई पत्थर की मात्रा | टनों में मात्रा | रॉयलिटी प्रति टन | राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 15 | Stone filling behind retaining wall | 27.80 cum | 30.58 cum (2.80x1.10) | 70.94 (27.80x1.10) | 40 | 2838 |
| | | **Total** | | | | | **2838** |

अतः उक्त वर्णित रॉलिटी की राशि की उचित स्त्रोत/संविदाकार से वसूली की जाये व अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाये।

## (ग) ₹907/– का टोर स्टील के कार्य निष्पादन पर अधिक भुगतानः–

मापन पुस्तिका संख्या 857 पृष्ठ 7 व 14 पर अनुंबन्धित मद संख्या 10 टोर स्टील कार्य की अधिक मात्रा दर्शाकर संविदाकार को ₹907/– का अधिक भुगतान किया गया जिसका विवरण निम्न प्रकार से है। अतः अधिक भुगतान की संविदाकार से वसूली करके अनुपालना आगामी अंकेक्षण में दिखाई जाये।

| Sr. No. | Agr. Item No. | MB/Page | Dia of steel | Qty. to be taken | Qty. actually taken | Qty. Excess taken | Rate per Kg | Amt. Excess paid |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 10 P/L TMT/Tor steel | 857/7 | 8mm | 8.70 Kg (22.30 Rmtx0.39) | 13.83 Kg (22.30 Rmtx0.62) | 5.13Kg | 56.40 | 289 |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | -do- | 857/14 | 16 mm | 19.43 Kg (12.30 Rmtx2.47) | 30.38 Kg (12.30Rmtx1.58) | 10,95 Kg | 56.40 | 618 |
| | | | | | | | Total | 907 |

**(घ) ₹1471/– का टोर स्टील की overlpping पर गलत फैक्टर लगाने के कारण अधिक भुगतानः–**

डिटेल फुटिंग एंड कॉलम कार्य की Approved Drawing के नोट 10 के अनुसार टोर स्टील का ओवरलैप्स 47 times diameter था परन्तु दूसरे चलित बिल में ओवरलैप्स की स्वीकृति से अधिक गणन करने के कारण ₹1471/– का संविदाकार को अधिक भुगतान किया गया जिसका विवरण नीचे दिया गया है। अतः अधिक भुगतान की संविदाकार से वसूली करके मण्डल के खाते में जमा करवाना सुनिश्चित किया जाये।

| **Steel Dia mm** | **No. of Steel lengths** | **Approved overlaps** | **Overlaps taken** | **Diff.** | **Excess qty. taken in Kg (col 2x5)** | **Rate per Kg** | **Excess payment** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 85 | 0.47 | 0.494 | 0.024 | 2.04 | 56.40 | 115 |
| 10 | 17 | 0.47 | 0.50 | 0.030 | 0.51 | 56.40 | 29 |
| 12 | 150 | 0.47 | 0.51 | 0.040 | 6.00 | 56.40 | 338 |
| 16 | 161 | 0.47 | 0.52 | 0.050 | 8.05 | 56.40 | 454 |
| 20 | 158 | 0.47 | 0.53 | 0.060 | 9.48 | 56.40 | 535 |
| | | | | | | **Total** | **1471** |

**(ङ) सीमेन्ट/स्टील की मात्रा आवश्यकता से अधिक जारी करनाः–**

मापन पुस्तिका संख्या 858 पृष्ठ 19 व 20 का अवलोकन करने पर पाया गया कि दूसरे चलित बिल तक संविदाकार को सीमेन्ट/स्टील की मात्रा आवश्यकता से अधिक जारी की गई थी जिसका विवरण नीचे दिया गया है। ऐसा प्रतीत होता है कि आवश्यकता न होने पर भी उक्त स्टॉक मदों को संविदाकार को जारी कर दिया गया जबकि अनुबन्ध की क्लाज 42 (i) के अनुसार " The Ccomtractor shall see that only the required quantities of materials are issued." परन्तु उक्त क्लाज की अनदेखी करते हुए सीमेन्ट/स्टील की मदों को आवश्यकता से अधिक जारी करना अनियमित ही नहीं बल्कि आपत्तिजनक भी है जिस बारे तथ्यों सहित स्पष्टीकरण दिया जाये। साथ ही सुझाव दिया जाता है कि भविष्य में उक्त क्लॉज की अनुपालना करते हुए आवश्यकतानुसार ही निर्माण मदों को जारी किया जाना सुनिश्चित किया जायेः–

| **Name of stock item** | **Issued to 2nd R/Bill** | **Recovery up to 2nd R/Bill** | **Balance** |
|---|---|---|---|
| Cement | 1400 bages | 825 bages | 575 Bages |
| Steel | 29.318 MT | 15.72 MT | 13.598 MT |

**14** कार्य का नामः– C/O Residential Complex below BCS Phase-III

संविदाकार का नामः–Sh. Vikas Chauhan

चलित बिल संख्या– 5th Running bill

अनुबन्ध संख्याः– 11 आफ 2011–2012

वाऊचर संख्या 129, दिनांक 23.3.2013, ₹407976/–

**(क) कार्य स्थल पर खुदाई से निकाले गये पत्थर को संविदाकार को कम दर पर जारी करने के फलस्वरूप ₹891/– की कम वसूलीः–**

पांचवे चलित बिल की जाँच करने पर पाया गया कि कार्य स्थल पर 11.64 घन मीटर Serviceable पत्थर प्राप्त हुये जिन्हें एम0ए0एस0 संख्या सी0डी0–(1)–24 के पृष्ठ 18 पर दर्ज करके संविदाकार को जारी किया गया था परन्तु पत्थरों की मात्रा की वसूली

₹395.00 प्रति घन मीटर के स्थान पर ₹318.50 प्रति घन मीटर की दर से की गई थी। परिणामस्वरूप ₹891/– की कम वसूली की गई जिसे न्यायोचित ठहराया जाये अन्यथा इसकी उचित स्त्रोत से वसूली करके अनुपालना अंकेक्षण को दिखाई जाये।

| Sr. No. | Particulars | | Rate |
|---|---|---|---|
| 1 | Ordinary Quarried stone as per HPSR 2009 | | ₹350 P/cum |
| 2 | Rate of Similar item No. 16 as per Contract agreement, i.e. Stone filling behind retaining wall | | |
| | (a) Rate as per HPSR 2009 | ₹797.35 P/Cum | |
| | (b) Rate as per Conmtract Agreement | ₹900 P/cum | |
| | (c) Hence premium (900-797.35)/797.35x100 | 12.87% | |
| | (d) Hence recovery rate of ordinary quarried stone on the basis of similar item No. 16 above (3500x12.87%%)+350 | | ₹395 P/cum |
| | Amount of stone recovery less made (11.64x395)-(11.64x318.50) | | ₹891 |

**15** कार्य का नामः– PSFS at Kasumpti (chhabrogti), Shimla-171009

संविदाकार का नामः– M/S M.L. Gupta

चलित बिल संख्याः– 24th Running Bill

अनुबन्ध संख्याः– 13 आफ 2007–08

वाउचर संख्या 181, दिनांक 30.3.2013, ₹843097/–

**(क) कटिंग इन अर्थ वर्क में निकाले गये पत्थरों की संविदाकार से ₹370466/– की वसूली न करनाः–**

मापन पुस्तिका संख्या 871 के पृष्ठ संख्या 3 में अनुबन्धित मद संख्या 1 वस्तुतः कटिंग इन अर्थ वर्क के लिये 16037.49 घन मीटर कार्य निष्पादन हेतु ₹3480135/– का भुगतान किया गया था परन्तु खुदाई किये जाने के उपरान्त कार्य स्थल से किसी भी प्रकार की पत्थरों की मात्रा अभिलेख में नहीं दिखाई गई हैं। निकले गये पत्थरों को न तो संविदाकार को जारी किया गया था और न ही सम्बन्धित अभियन्ता द्वारा इसे एम0ए0एस0 में लिया गया था। जबकि प्रचलित नियमों/प्रावधानों के अनुसार उक्त खुदाई से न्यूनतम दस प्रतिशत पत्थरों की मात्रा के रूप में दर्शाई जानी अपेक्षित थी। इस प्रकार "हिमाचल प्रदेश शडयूल दर, 2009" के आधार पर Ordinary Quarried Stone की दर ₹231/– प्रति घन मीटर बनती है नीचे दिये गए विवरण के परिणामस्वरूप 1603.75 घन मीटर पत्थर को स्टॉक में न लेकर न ही संविदाकार को जारी करके न्यूनतम ₹370466/– (1603.75x231) की हिमुडा को हानि पहुंचाई गई है जिसे न्यायोचित ठहराया जाए अन्यथा हानि की भरपाई हेतु यथोचित कार्यवाही की जाये। कृत कार्यवाही से अंकेक्षण को भी अवगत करवाया जायेः–

**Recovery rate of swerviceable stone extracted during cutting in earth work**

| **Sr. No.** | **Particulars** | | | **Amount** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Rate of Ordinary Quarried stone as per HPSR 1999 | | | 147.50 P/cum |
| 2 | Rate of Similar item: | Rate as per HPSR 1999 | Rate quoted by Contractor | |
| | (a) RR Masonry with hard stone (Agreement item No. 24) | 1077.20 | 1800 | |
| | (b) Stone filling behind retaining wall (Agreement item No. 25) | 391.70 | 500 | |
| | **Total** | **1468.90** | **2300** | |

| | | |
|---|---|---|
| 3 | Premium on Similar nature of items | (2300-1468.90)/1468.90=56.58% |
| 4 | Hence recovery rate of stone will be | 147.50+83.45 (56.58%)=230.95 or say 231 P/cum |

**(ख) ₹378880/– की रॉयलिटी कार्य स्थल पर लाये गये पत्थ्रों की प्रमात्रा पर नियमानुसार वसूली न करनाः–**

प्रधान सचिव, उद्योग के पत्र संख्या खण्ड–II एफ) 6–5/2006, दिनांक 16.1.2012 के अनुसार विभिन्न निर्माण सामग्री जैसे स्टोन, पत्थर, रेत, बजरी, चूना संगमरमर आदि के खनन पर निर्धारित दरों अनुसार रॉयलिटी देय है। 24वें चलत बिल में मापन पुस्तिका संख्या 871 पृष्ठ संख्या 13 व 14 पर स्टोन वर्क के निष्पादन हेतु अनुबन्धित मद संख्या 24 व 25 के लिया क्रमश 1974.09 घन मीटर व 1252.96 घन मीटर कार्य मात्रा का निष्पादन किया गया है। जिसके लिये संविदाकार द्वारा निम्न विवरणानुसार 4082.76 घन मीटर पत्थरों को उपयोग किया गया है। उपयोग की गई पत्थरों की प्रमात्रा के लिये उक्त पत्रानुसार या तो फार्म एम0 प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित था या मण्डल स्तर पर नियमानुसार रॉयलिटी की कटौती की जानी अपेक्षित थी। परन्तु अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत किये गये अभिलेख में इस प्रकार की कोई भी कार्यवाही नहीं की गई थी जिसके फलस्वपरूप ₹378880/– की रॉयलिटी के रूप में कटौती न करके सरकार को परोक्ष रूप से हानि पहुंचाई गई है इस बारे स्थिति स्पष्ट की जाये।

| क्र0सं0 | अनुबन्धित मद सं0 | मद का विवरण | पत्थर की निष्पादित कार्य मात्रा | उपयोग की गई पत्थर की मात्रा | टनों में मात्रा | रॉलिटी प्रति टन | राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 24 | RR Masonry cm 1:6 in foundation and plinth i/c all leads & lifts | 1974.09 cum | 2704.50 cum (1974.09x1.37) | 62174.44 (2704.50x2.32) | 40 | 250978 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 25 | Stone filling behind retaining wall | 1252.96 cum | 1378.26 cum (1252.96x1.10) | 3197.56 (1378.26x2.32) | 40 | 127902 |
| | | Total | | 4082.76 | | | 378880 |

अन्यथा उक्त वर्णित रॉयलिटी की राशि की उचित स्त्रोत/संविदाकार से वसूली की जाये व अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

16 कार्य का नामः– C/O रेजिडेन्शियल कॉम्प्लैक्स बेलो बी0सी0एस0 फेस–III, न्यू शिमला (S.H. C/O अप्रोच रोड टू दी ब्लॉक नं0 10 ए फ्रोम नियर ब्लॉक नं0 8–ए)

एग्रीमैन्ट नं0:– 11 ऑफ 2012–13

संविदाकार का नामः– संदीप देष्टा

वाऊचर संख्या 89 ऑफ 03/2013 द्वारा संविदाकार को ₹235322/– का भुगतान किया गया था बिल के विस्तृत जांच करने पर निम्न त्रुटियाँ पाई गईः–

**(क) ₹2430/– का संविदाकार को सम्भावित अधिक भुगतानः–**

बिल की विस्तृत जाँच में पाया गया कि मापन पुस्तिका संख्या 702 के पृष्ठ संख्या में अनुबन्धित मद संख्या 4 जो वस्तुतः Randam Rubble masonary की रिकार्ड एन्ट्री में मात्रा 12.13 घन मीटर का निष्पादन किया गया था इसमें मात्रा 1x2.40x0.50x0.75=0.90 के लिए ₹2430 अधिक भुगतान किया गया प्रतीत होता है निष्पादित किए गए कार्य में उपरोक्त 0.90 घन मीटर मात्रा हेतु न तो खुदाई की गई थी न ही सी0सी0 1:6:12 डाली गई थी इस प्रकार बिना खुदाई किए व सी0सी0 1:6:12 डाले बिना डंगे/दीवार खड़ी नहीं की जा सकती। अतः इस प्रकार अधिक भुगतान की प्रमात्रा की प्रमात्रा को न्यायोचित ठहराया जाए या अधिक भुगतान की गई राशि ₹2430/– की वसूली उचित स्त्रोत से की जानी सुनिश्चित की जाए व अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

**(ख) ₹11716/– की रॉयलिटी कार्य स्थल पर लाये गये पत्थरों की प्रमात्रा पर नियमानुसार वसूली न करनाः–**

